<u>प्रेस नोट थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर दिनांक 04.09.2024</u>

कूटरचना व छल द्वारा विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में 10000/ रू0 का इनामिया 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा धोखाधड़ी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में व थाना प्रभारी पीपीगंज के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 153/2024 धारा 419,420,467,468,471 भादवि में वाछिंत 10000 रू0 के इनामिया अभियुक्त निकेतन त्रिपाठी पुत्र वेद प्रकाश त्रिपाठी निवासी 24 डी मालवीयनगर थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>घटना का संक्षिप्त विवरण</u>-

दिनांक 03.05.2024 को वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर सूचना दिया गया कि थाना पीपीगंज क्षेत्र के जंगल कौड़िया में शितल ट्रेनिंग एण्ड ट्रेड टेस्ट सेण्टर खोलकर करीब 130 लोगों को विदेश भेजने के नाम पर करीब 20 लाख रू0 लेकर लोगों को कूटरचित विजा व एयर टिकट देकर धोखाधड़ी से 20 लाख रूपये लेकर फरार होने की सूचना पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया। उक्त मुकदमें में अभियुक्त निकेतन त्रिपाठी पुत्र बेद प्रकाश त्रिपाठी उपरोक्त तथा अन्य वांछित चल रहे थे जो गिरफ्तारी से बचने के लिये फरार थे जिनके विरूद्ध मा0 न्यायालय द्वारा गैर जमानतीय वारण्ट जारी किया गया तथा अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा 10000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता व आपराधिक इतिहास</u>-

निकेतन त्रिपाठी पुत्र वेद प्रकाश त्रिपाठी निवासी 24 डी मालवीयनगर थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

1. मु0अ0सं0 206/2022 धारा 419,420,467,468,471 भादवि खोराबार जनपद गोरखपुर
2. मु0अ0सं0 153/2024 धारा 419,420,467,468,471 भादवि थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर

<u>गिरफ्तार की टीम</u>-

1.थाना प्रभारी शेरबहादुर यादव थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर ।

2.का0 अमरनाथ यादव प्रथम पीपीगंज थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर।

3.का0 महेन्द्र प्रताप यादव थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर।

4.का0 उमेश कुमार यादव थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर।

5.का0 नितेश यादव थाना खोराबार जनपद गोरखपुर।

6. का0 अंकित कुमार थाना खोराबार जनपद गोरखपुर।